पुस्तकालय

2
3215
11/5/12

सत्यमेव जयते

असंशोधित

26 MAR 2012

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग 2–कार्यवाही–प्रश्नोत्तर रहित)

प्रतिवेदन शाखा
ग०स०प्रे०सं०...682...तिथि...11/5/12

# शून्य काल

अध्यक्ष : माननीय सदस्य श्री रामसेवक हजारी । आप अपने शून्यकाल की सूचना को पढ़ें ।

आप अपनी सूचना को पढ़ें ।

श्री राम सेवक हजारी: जी । जरा कॉपी दिया जाए न सर !

अध्यक्ष : बैठिये ।

श्री राम सेवक हजारी: उसी को पढ़ा हुआ मान लिया जाए महोदय ।

अध्यक्ष : ठीक है, बैठिये । माननीय सदस्य, रामधनी सिंह ।

श्री रामधनी सिंह : अध्यक्ष महोदय, रोहतास जिला में अकोढ़ीगोला बरॉव दरिहट चेनारी नासिरीगंज इत्यादि गांव बुनकरों का है, कताई मशीन के अभाव में कम्बल बाजार योग्य नहीं बनता है, आर्थिक स्थिति खराब होने से मशीन लगाने में असमर्थ है, अत: बुनकरों को कताई मशीन देने की सरकार से मांग करता हूं ।

श्री राजेश्वर राज : अध्यक्ष महोदय, रोहतास जिला अवस्थित शेरशाह मकबरा का तालाब में जाने वाली गंदे पानी की रोकथाम हेतु 2010-11 में एक करोड़ रूपए की लागत से नाला के निर्माण में घटिया सामग्रियों के इस्तेमाल से नाला टूट गया है, गंदा पानी का प्रवेश जारी है जिसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग करता हूं ।

श्री दिनेश कुमार सिंह: अध्यक्ष महोदय, भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखण्ड के बरीसवन ग्राम के मंदिर से दिनांक 1.03.2012 को अष्ट धातु की करोड़ों रूपये की मूर्ति चोरी हो गई ।

अत: सरकार से तत्काल मूर्ति बरामद करने एवं मूर्ति चोर गिरोह को गिरफ्तार करने की मांग करता हूँ ।

श्री गजानन्द शाही: अध्यक्ष महोदय, पटना मेडिकल कॉलेज में दो महीनों से कालाजार का दवाई एवं सूई उपलब्ध नहीं रहने के कारण मरीजों को काफी कठिनाइयां हो रही हैं। सरकार से मांग करता हूं कि दवा का जल्द व्यवस्था की जाए ।

श्री रामनरेश प्रसाद यादव: अध्यक्ष महोदय, सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अन्तर्गत नरंगा ग्राम की आबादी पन्द्रह हजार है लेकिन अभी तक नरंगा ग्राम में बिजली नहीं लगी है जिससे किसानों को खेती करने में कठिनाई होती है ।

अत: नरंगा ग्राम में किसानों के हित में बिजली लगाने की सरकार से मॉग करता हूँ ।

श्रीमती मुन्नी देवी : अध्यक्ष महोदय, भोजपुर जिलान्तर्गत नगर पंचायत बिहियां एवं शाहपुर में जल निकासी की व्यवस्था नहीं रहने के कारण वर्ष भर जलजमाव रहता है । सड़कें क्षतिग्रस्त होने के साथ वाहन दुर्घटनाएं होती रहती है ।

अविलम्ब जलनिकासी हेतु मुख्यालय से अतिरिकत राशि उपलब्ध करा कर ड्रेनेज का निर्माण कराया जाय ।

श्री संजय सिंह'टाइगर': अध्यक्ष महोदय, भोजपुर जिला के उदवन्तनगर प्रखण्ड अन्तर्गत खलीसा गांव में बिजली का तार काट लिए जाने के कारण विगत् पांच वर्षो से विद्युत आपूर्त्ति बाधित है । ग्रामीण परेशान हैं । कृषि समेत अन्य कार्यों में कठिनाई है । विभाग बेपरवाह है । सरकार विद्युत आपूर्त्ति शीघ्र चालु कराने हेतु कारगर कदम उठाये ।

श्रीमती सुजाता देवी : अध्यक्ष महोदय, सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय अभुआड़ खरवई की जमीन को स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है । इस अतिक्रमण से विद्यालय भवन का निर्माण नहीं हो रहा है ।

अत: मेरी मांग है कि अतिक्रमण से मुक्त करवाया जाय ताकि विद्यालय भवन निर्माण का कार्य हो सके ।

श्री कन्हैया कुमार: अध्यक्ष महोदय, खगड़िया जिला के गोगरी प्रखण्ड अन्तर्गत नवलकिशोर सिंह टोला में राष्ट्रीय मछुआ आवास योजना से वर्ष 1995-96 में 100 आवास बनाने हेतु 35लाख रूपये स्वीकृत हुआ था । लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण अभी तक आवास निर्माण नहीं हो पाया ।

अत: मैं आवास बनाने की मांग सरकार से करता हूँ ।

श्री अरूण शंकर प्रसाद: अध्यक्ष महोदय, मधुबनी जिलान्तर्गत बेनीपट्टी प्रखण्ड के भटहीसेर गॉव की गुमसुदा पॉच वर्षीय शिवरन कुमारी की जघन्य हत्या कर दिनांक 24.03. 2012 को लाश सड़क किनारे फेक दिया है । पूर्व से सनहा दर्ज था ।

हत्यारे की शीघ्र गिरफ्तारी एवं पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मॉग सरकार से करता हूँ ।

श्री विनोद प्रसाद यादव:अध्यक्ष महोदय, गया जिला के डोभी प्रखण्ड में वर्ष 2009-10 एवं 2010-11 में अल्पसंख्यक मद में आवंटित छात्रवृति में से पांच लाख से अधिक राशि लौटाई जा रही है । जबकि सभी विद्यालयों में अल्पसंख्यक छात्रों को छात्रवृति नहीं मिली है ।

जांच कराकर दोषी लोगों पर कार्रवाई की मॉग करता हूं ।

श्री अशोक कुमार सिंह:अध्यक्ष महोदय, पटना के खगौल तथा गोलारोड में बच्चों का संत करैंस स्कूल है, जिसके मुख्य द्वार के सटे हाईटेंशन बिजली का तार गुजरता है । आए दिन दुर्घटना की संभावना है । विभाग लापरवाह है ।

अत: सदन के माध्यम से सरकार से तार हटाने का आग्रह करते हैं ।

श्री कृष्णनन्दन यादव : अध्यक्ष महोदय, गया जिला अन्तर्गत मोहड़ा प्रखंड के चया गाँव में २३.३.२०१२ को भोला सिंह, सुधीर सिंह, गणेश मांझी सहित १५ किसानों का खलिहान में आग लगने से लाखों की सम्पत्ति जलकर राख हो गयी । अतः उन पचीसों किसानों की जले हुये सम्पत्ति की क्षतिपूर्ति हेतु सरकार से मुआवजा की माँग करता हूं ।

श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह : अध्यक्ष महोदय, विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति साक्षात्कार के आधार पर हुई है । सामान्य चिकित्सकों के १५१० स्थायी पद के विरूद्ध लोक सेवा आयोग को अहर्त्ता प्राप्त १४०० से कम आवेदन प्राप्त हैं । यह नियुक्ति अनुबंध चिकित्सकों की है । मैं माँग करता हूं कि सामान्य चिकित्सकों की नियुक्ति साक्षात्कार के आधार पर हो ।

श्रीमती लेशी सिंह : माननीय अध्यक्ष महोदय, पूर्णिया जिलान्तर्गत के०नगर प्रखंड अधीन जगनी पंचायत में भूमिहीन महादलित परिवारों को ३ डिसमल जमीन नहीं उपलब्ध कराया गया है । इन पंचायत के कटहा, जगनी, सौराहा, चौरीपरती, आदि ग्रामों में महादलितों को भूमि मुहैया कराने की सरकार से माँग करती हूँ ।

अध्यक्ष : अब शून्यकाल समाप्त हुआ ।
ध्यानाकर्षण लिये जायेंगे ।

श्री अख्तरूल ईमान : पारो प्रखंड का प्रखंड विकास पदाधिकारी वहाँ के उर्दू अनुवादकों को पिछले छः महीने से मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं .....

अध्यक्ष : शांति-शांति । बैठिये । माननीय सदस्य श्री श्रवण कुमार ।

( व्यवधान )

अध्यक्ष : आप अपना किसी स्वरूप में कार्य-संचालन नियमावली के अन्तर्गल लाइयेगा ।

**ध्यानाकर्षण सूचनाएँ तथा उसपर सरकारी वक्तव्य**

सर्वश्री श्रवण कुमार, गिरिधारी यादव एवं अन्य आठ सभासदों की ध्यानाकर्षण सूचना पर सरकार [ वित्त (सांस्थिक) विभाग ] की ओर से वक्तव्य ।

अध्यक्ष : सूचना पढ़ी हुई है । माननीय मंत्री, वित्त (सांस्थिक) ।

श्री सुशील कुमार मोदी, उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री : महोदय, उत्तर स्वीकारात्मक है । जिला पदाधिकारी, नालन्दा एवं महाप्रबंधक, मध्य बिहार ग्रामीण बैंक, पटना से प्राप्त सूचना के अनुसार मध्य बिहार ग्रामीण बैंक, गोपालवाद शाखा, जिला- नालन्दा में कई खाता-धारकों के धाता से बैंक द्वारा अवैध निकासी का मामले संज्ञान में आया है । जाँच हेतु एक टीम गठित कर जाँच प्रारम्भ कर दी गई है । तत्काल कार्रवाई करते हुये शाखा प्रबंधक एवं खजांची को निलंबित कर दिया गया है । इस संबंध में स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है, गहन जाँच की प्रक्रिया चल रही है । जाँच के उपरांत अग्रेतर कार्रवाई दोषी व्यक्तियों पर की जायेगी ।

श्री श्रवण कुमार : अध्यक्ष महोदय, मामला बहुत ही गम्भीर है । पहली बार इस तरह की घटना नहीं घटी है बैंकों के द्वारा, लगातार बिहार में इस तरह की घटना घट रही है और नालन्दा जिला में कई ऐसी घटनाएँ बैंक में घटी हैं । जो मृतक हैं महोदय, २००४ में जिनकी मृत्यु हुई है, ६ जून, २००४ को केदार प्रसाद की मृत्यु हुई है, १८ मार्च, २००४ को अशोक कुमार सिंह की मृत्यु हुई है, ऐसे लोगों का जो खाता है, उसका उन्होंने